सार समाचार

नीदरलैंड से हार कर भारत विश्व कप की खिताबी दौड़ से बाहर

मस्कट,वार्ता। ओमान में चल रहे एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में भारत को नीदरलैंड से 4-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक ढंग से की थी जिसका फायदा भी उसे मिला जब मैच की शुरुआती मिनट में ही मोहम्मद राहील ने शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया हालांकि भारत की यह खुशी ज्यादा समय तक साथ नही रही और नीदरलैंड ने जवाबी हमला करते हुये सैंडर डी विजन के चौथे मिनट में दागे गोल से मुकाबले को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। त्वरित बराबरी से प्रभावित हुए बिना भारत ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी। मोहम्मद राहील ने सातवें मिनट पर एक और गोल किया। दूसरी ओर नीदरलैंड ने लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए अलेक्जेंडर शॉप (10') के गोल की बदौलत एक बार फिर बराबरी करने में कामयाबी हासिल की। मैच में आगे-पीछे का दौर जारी रहा और मनदीप मोर ने 11 वें मिनट पर भारत के लिए बढ़त हासिल कर ली। फिर भी, नीदरलैंड ने तेजी से गोल करके जवाबी हमला किया। लुकास मिडेंडोर्प ने 12वें और जेमी वान आर्ट 13वें मिनट पर गोल कर मैच को नीदरलैंड के पक्ष में मोड़ दिया। हाफटाइम की शुरुआत में सैंडर डी विज़न 15वें ने एक महत्वपूर्ण चुनौती वाला गोल किया, जिससे भारत पिछड़ गया। दूसरे हाफ में नीदरलैंड्स ने अपना दबदबा कायम किया। पेपिजन रेयेन्गा ने 20वें और अलेक्जेंडर शॉप ने 26वें मिनट पर गोल कर अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। मोहम्मद राहील के 25वें मिनट पर साहसिक प्रयास के बावजूद भारत अंततः 4-7 से हार गया।

जेनक से डेनियल मुनोज़ को क्रिस्टल पैलेस ने किया साइन

लंदन,आईएएनएस। प्रीमियर लीग क्लब ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। क्रिस्टल पैलेस एफसी ने 2027 तक बेल्जियम के क्लब जेनक से डेनियल मुनोज के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है, जिसमें एक और वर्ष के लिए विकल्प भी शामिल है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 2023/24 में सात गोल दागने और दो सहायता प्रदान करके अपने रक्षात्मक कर्तव्यों को आक्रामक आक्रमण कौशल के साथ संयोजित करने के लिए पूरे महाद्वीप में प्रतिष्ठा बनाई है। मुनोज़ ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट को बताया, ऐसे ऐतिहासिक क्लब, क्रिस्टल पैलेस जैसे बड़े क्लब में आना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह एक सपने जैसा है। मुझे उम्मीद है कि मैं इस काम में खरा उतरूंगा। कोलंबिया के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ने अपने करियर की शुरुआत अपने मूल देश से की और देश की सबसे सफल टीम एटलेटिको नैशनल में स्थानांतरित हुए।

दबी जुबान में विदेशी भगाओ, स्वदेशी कोच लाओ!

■ राजेंद्र सजवान

हाल ही के कुछ खेल परिणामों को देखते हुए देश में स्वदेशी कोचों की वापसी को लेकर अभियान सा छिड़ गया है। खासकर, हॉकी और फुटबाल में विदेशी कोचों की अनावश्यक घुसपैठ के बारे में कानाफूसी होने लगी है। हालांकि देश के खिलाड़ियों, कोचों और खेल प्रेमियों में खुल कर बोलने और व्यवस्था को कोसने का साहस नहीं बचा लेकिन कुछ पूर्व खिलाड़ी दबी जुबान में कह रहे हैं कि विदेशियों पर अत्यधिक निर्भरता ठीक नहीं है।

पिछले कुछ दिनों में फुटबाल और महिला हॉकी ने जिस प्रकार का दयनीय प्रदर्शन किया उसे लेकर न सिर्फ खेल प्रेमी हैरान परेशान हैं अपितु कुछ पूर्व खिलाड़ी यहां तक कहने लगे हैं कि विदेशी कोच भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को नहीं सुधार सकते। भले ही गोरों के पास देने के लिए बहुत कुछ है लेकिन पौधे से पेड़ बन चुके खिलाड़ियों को समझना और उन्हें हालात के अनुरूप ढालना आसान कदापि नहीं है। कारण, हमारे खिलाड़ी पहले अपनों से सीखते है और जब सीनियर वर्ग में पहुंचते हैं तो उन्हें विदेशी कोचों के हवाले कर दिया जाता है।

भारतीय फुटबाल और हॉकी टीमों को पिछले पांच दशकों से विदेशी सिखा पढ़ा रहे हैं। तुलनात्मक अध्ययन करें तो इन दो लोकप्रिय खेलों में बाहरी कोच कुछ खास नहीं कर पाए। भले ही बैडमिंटन, कुश्ती, मुक्केबाजी, निशानेबाजी जैसे खेलों में छुट पुट पदक मिले हैं लेकिन फुटबाल में लुटिया पूरी तरह डुबो दी गई है। 1951 और 1962 में हमारे अपने कोच रहीम की देखरेख में तैयार टीम ने एशियाई खेलों में गोल्ड जीत कर स्वदेशी का दम खम दिखाया था। विश्व स्तर पर भी भारतीय फुटबाल को पहचान दिलाई।

जहां तक हॉकी की बात है तो हमारा डंका तब तक बजता रहा जब तक अपने कोच बागडोर संभाले थे। आठ ओलंपिक गोल्ड अपनों की देखरेख में जीते लेकिन घास के बाद नकली घास के मैदानों के चलन के साथ ही भारतीय हॉकी में नकली कोच अवतरित हुए और वर्षों की अर्जित साख को बट्टा लग गया। टोक्यो ओलंपिक में जीते कांस्य पदक पर इतराने वाली भारतीय हॉकी यह ना भूले कि पेंडिमिक के चलते यूरोपीय टीमें अपने पूरे दमखम से नहीं उतर पाई थीं। तब महिला हॉकी को चौथा स्थान मिला था, जिसकी कलई खुल चुकी है। अमेरिका और जापान जैसी कमजोर टीमों ने महिला हॉकी को ओलंपिक बाहर का रास्ता दिखा दिया है। लगातार विफलताओं के बाद भी विदेशी कोच देश के खेल आकाओं के लाडले बने हुए हैं। हैरानी वाली बात यह है कि खेल जानकार और पूर्व चैंपियन मौन साधे हुए हैं। खुल कर कोई भी बोल नहीं पाता। ऐसा क्यों है?

हमने जिन स्पिनरों को चुना है वो सर्वश्रेष्ठ मौका देने में सक्षम: स्टोक्स

विशाखापत्तनम ■ भाषा/डेस्क

भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में 28 रन से हराने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस दौरे से पहले ही कहा था कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, वे भारत को उसकी धरती पर मात देने का हमें सर्वश्रेष्ठ मौका देने में सक्षम हैं।

टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में सात विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही। स्टोक्स ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले 'जियो सिनेमा' को दिये साक्षात्कार में कहा था, मुझे लगता है कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाता है। इसमें हालांकि कोई संदेह नहीं है कि अनुभवी खिलाड़ी खास कर इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। उन्होंने कहा, इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, हमें लगता है कि वे हमें भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे।

राहुल और जडेजा की चोटों ने बढाई चयनकर्ताओं की मुश्किलें

जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार खेल दिखाकर वापसी की।

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को अचानक लगी चोटों से भारतीय टीम के सामने चयन की दुविधा पैदा हो गई है जिसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बाद श्रृंखला में वापसी करनी है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार खेल दिखाकर वापसी की। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है। हरफनमौला जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिये भी मुश्किल है और राहुल सितंबर में सर्जरी के बाद वापसी से वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं।

विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

भारतीय टीम चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है जैसा इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में किया था। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बायें हाथ के स्पिनर हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक भी लगा चुके हैं। हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है। भारत ने 2019 में इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 502 रन बनाये थे। रोहित ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर पहली पारी में 176 रन जोड़े थे। महान स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा, अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जायेगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिये। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है।

चार टेस्ट के अपने कैरियर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाये हैं और दो विकेट भी लिये हैं। पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिये। उन्होंने कहा,रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरो को उतारने की जरूरत नहीं है।

अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरूआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिये और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये।

संजना ने भारोत्तोलन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड सुधारा

चेन्नई ■ भाषा/डेस्क

हरियाणा की संजना ने सोमवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अपने राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

महाराष्ट्र की सयाली वानी ने शानदार वापसी करते हुए लड़कियों के एकल टेबल टेनिस का स्वर्ण पदक हासिल किया। संजना ने 86 किग्रा के अपने पिछले स्नैच रिकॉर्ड में दो बार सुधार करते हुए 87 और 90 किग्रा का भार उठाया। वह क्लीन एवं जर्क के पहले और तीसरे प्रयास में क्रमशः 113 किग्रा और 116 किग्रा भार उठाने में सफल रही।

महाराष्ट्र की ग्रीष्मा थोराट ने कुल 167 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। उत्तर प्रदेश के भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने भी लड़कों के 96 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए 160 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने कुल 280 किग्रा वजन उठाया। इस स्पर्धा में आंध्र प्रदेश के अरुणेश बाबू (258 किग्रा) और हरियाणा के आदित्य (249 किग्रा) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। टेबल टेनिस में सयाली ने शुरुआती तीन गेम हारने के बाद शानदार वापसी कर पश्चिम बंगाल की नंदिनी साहा को 8-11, 8-11, 6-11, 11-8, 11-6, 11-0, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

फुटबॉल

भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे का इस्तीफा मांगा

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने महासचिव के रूप में शाजी प्रभाकरन की बर्खास्तगी के बाद देश में फुटबॉल के प्रशासन में मौजूदा अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की।

भूटिया ने मंगलवार को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की बैठक में हिस्सा लिया जिसे सात नवंबर को प्रभाकरन की बर्खास्तगी पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था। प्रभाकरन को शुरुआत में बैठक में नहीं बुलाया गया था लेकिन वह बाद में वर्चुअल रूप से इसमें शामिल हुए।

भूटिया ने कहा, मैंने कार्यकारी समिति से कहा कि कल्याण चौबे और कोषाध्यक्ष किपा अजय को भी इस्तीफा देना चाहिए। सिर्फ शाजी प्रभाकरन को बलि का बकरा नहीं बनाया जाना चाहिए। कार्यकारी समिति की स्वीकृति के बिना फैसले करने के लिए ये तीनों बराबर जिम्मेदार थे। इस दिग्गज पूर्व फुटबॉलर ने कहा,ये तीनों फैसले कर रहे थे और अगर शाजी को हटाया जाता है तो अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को भी हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा,भारतीय फुटबॉल अव्यवस्था का सामना कर रही है, खेल में राजनीति है, प्रभार संभालने के एक साल से कुछ अधिक समय में लोग एक दूसरे के पीछे पड़े हैं, यह सही नहीं है। हांगझोउ एशियाई खेलों के साथ-साथ एशियाई कप के दौरान राष्ट्रीय टीम को अधर में छोड़ दिया गया था जहां टीम के पास ट्रेनिंग के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

प्रभाकरन को 'विश्वास के उल्लंघन' के लिए सात नवंबर को महासचिव पद से हटाया गया था लेकिन आठ दिसंबर को दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगा दी थी दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 जनवरी को अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि प्रभाकरन को एआईएफएफ की आपात समिति ने बर्खास्त किया था।

रेसवॉकर अक्षदीप ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

चंडीगढ,भाषा। पेरिस ओलंपिक के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरूषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा 2023 जीतकर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।

दीप्ति शर्मा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त दूसरे स्थान पर

दुबई ■ भाषा/डेस्क

भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढकर आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई जबकि उनकी हमवतन रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा तीन पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई।

दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर है। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई है। हरफनमौलाओं की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है। इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019, दूरभाष: 011-27674615
ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com | वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **टाइटन बायोटेक लिमिटेड** के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरो की सं.
1.	विपुल के दोशी सुरेंद्र के दोशी 0018743	8906- 8907	871071- 871270	200
		8911- 8911	871571- 871670	100
		8922- 8923	872671- 872870	200
		9515- 9519	931971- 932470	500
		9693- 9693	949771- 949870	100
		13185- 13186	1298971- 1299170	200
		14748-14749	1455271- 1455470	200
		29401-29402	2920571- 2920770	200
		29446-29446	2925071- 2925170	100
		29521-29521	2932571- 2932670	100
		29548-29548	2935271- 2935370	100
		33615-33617	3341971- 3342270	300
		33901-33901	3370571- 3370670	100
		34143-34143	3394771- 3394870	100
		36932-36947	3673671- 3675270	1600
		38053-38059	3785771- 3786470	700

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे ।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 30.01.2024
स्थान : दिल्ली

मुंबई ओपन टेनिस का आयोजन पांच से 11 फरवरी तक

मुंबई,भाषा। मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिसका आयोजन छह साल के अंतराल के बाद यहां पांच से 11 फरवरी तक होगा। इसका आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में नव-निर्मित टेनिस कोर्ट में होगा। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) के साथ इस कार्यक्रम का सह-आयोजक है। मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि युगल वर्ग में शीर्ष 100 में शामिल छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट 'डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर' सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी है। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैम्पियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है। अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

रॉयल की एक और धमाकेदार जीत

नई दिल्ली,संवादसूत्र। डीएसए प्रीमियर लीग में एक और धमाकेदार प्रदर्शन के साथ फ्रेंड्स यूनाइटेड ने भारतीय वायुसेना से महत्वपूर्ण अंक झटक लिया। दिन के दूसरे मुकाबले में रॉयल रेंजर्स एफसी ने तरुण संघा को 4-0 से पीट डाला। विजेता के लिए प्लेयर ऑफ द मैच शिखर, भारण्यू बंसल, विश्वजीत जेना और गौरव चड्ढा ने गोल जमाए। फ्रेंड्स यूनाइटेड ने वायुसेना को शुरू से ही निगरानी में रखा। हालांकि दोनों टीमों को मौके मिले लेकिन कमजोर निशानेबाजी और रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के चलते गोल नहीं निकल पाया। दूसरी तरफ रॉयल रेंजर्स आज की जीत से अंक तालिका में पहले स्थान पर काबिज हो गई है। आर रेंजर्स ने 15 मैच खेल कर 30 अंक जुटा लिए हैं। तरुण संघा के 17 मैचों में 10 अंक ही बन पाए हैं। वायुसेना के 15 मैचों में 20 और फ्रेंड्स यूनाइटेड के 17 मैचों में 24 अंक हैं।

हरियाणा ने बंगाल को 41-36 से हराया

पटना,वार्ता। हरियाणा स्टीलर्स ने बंगाल वारियर्स को 41-36 के अंतर से हराकर प्रो कबड्डी लीग के 10वें सत्र की अंक तालिका में चौथा स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा की यह 16 मैचों में नौवीं जीत है, जबकि बंगाल की लगातार तीसरी और कुल सातवीं हार है।